सत्यमेव जयते
भारत सरकार

प्रधान मंत्री
आवास योजना–शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojna-Urban

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

हमारा सपना...
हर शहरी गरीब का हो घर अपना

## "हुए सपने साकार, मिला खुद का आशियाना"

लाभुक का नाम - **संजय धरा**

निकाय - **मानगो नगर निगम**

आई.डी संख्या - **208017800174600207**



बालीगुमा, मानगो, पूर्वी सिंहभूम, झारखंड के निवासी संजय धरा बेहद ही गरीब व्यक्ति हैं। इनके परिवार में दो बच्चे एवं पत्नी है। संजय के पास मकान के नाम पर रहने को सिर्फ एक जर्जर कमरा था जिसमे बरसात के समय काफी दिक्कत होती थी। आर्थिक तंगी के कारण पक्का आवास बनाना संजय के लिए एक सपना मात्र था। संजय के सपनों को उड़ान मिली जब मानगो नगर निगम के अधिकारियों द्वारा सरकारी आवास बनवाने के लिए जानकारी दी गई कि सरकार आवास विहीन लोगों को पक्का आवास बनाने के लिए रुपये 2,25,000 की सहयोग राशि दे रही है। संजय ने निगम कार्यालय जाकर आवास हेतु आवेदन भरा। तदोपरांत, संजय को कुल 4 किश्तों में रुपये 2,25,000 प्रदान किए गए और संजय के अपने सपनों के आशियाने का निर्माण हुआ। मानगो नगर निगम द्वारा संजय के आवास में पानी, बिजली, गैस एवं शौचालय की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। संजय ने अपने आशियाने को झारखंड की पारंपरिक कला एवं संस्कृति को उकेरती हुई पेंटिंग से सजाया। आज संजय अपने परिवार के साथ काफी खुशहाल जीवन यापन कर रहे हैं।

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार
टॉल फ्री नं०: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA